# तू तो सब जाने | By Jaya Shukla

मैं क्या बोलूं सांवरा तू तो सब जाने
मेरे इस दिल की पीड़ा को तू पहचाने

सूख गए मेरे आंसू अब दु:ख सहते सहते
थक से गए हम दुखड़े सबसे कहते कहते
दया की दृष्टि कर दे अब तो इसी बहाने

कबसे पड़ा हूँ दर पर मैं बन कर फरियादी
क्यूँ आता नहीं तरस देख मेरी बर्बादी
क्या अब मान लूँ नहो आओगे मुझे बचाने

हार गया हूँ प्रभु ना करो अब तो रुस्वाई
बात ना मेरी बनी होगी तेरी ही हंसाई
पंकज की उम्मीद आखिरी आओ निभाने

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a4%ac-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-by-jaya-shukla/